


# गिल को नॉर्थ जोन की कमान

## दिलीप ट्रॉफी में शुभमन करेंगे कप्तानी, अर्शदीप-हर्षित भी टीम में शामिल



गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 75.4 की औसत से 754 रन बनाए थे, जिसमें चार शतक शामिल थे। दिलीप ट्रॉफी में वह 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। कंबोज ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में डेब्यू किया था, जबकि अर्शदीप भी टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें

**चेन्नई, 7 अगस्त.** इंग्लैंड दौरे पर अपने पहले टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल अब दिलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की कप्तानी संभालेंगे। यह टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगा।

खेलने का मौका नहीं मिला था।

दिलीप ट्रॉफी का समापन 15 सितंबर को होगा, जो 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के साथ टकराएगा। अगर गिल को एशिया कप के लिए भारत की टी20 टीम में चुना जाता है, तो सर्विसेज के शुभम रोहिला उनकी जगह लेंगे। अगर अर्शदीप और हर्षित का चयन होता है, तो पंजाब के गुरनूर बराड़ और हरियाणा के अनुज ठकराल को टीम में शामिल किया जाएगा। यह घरेलू टूर्नामेंट गिल के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव हासिल करने का एक और अवसर होगा। वह अब तक 10 प्रथम श्रेणी मैचों में कप्तानी कर चुके हैं।

### नॉर्थ जोन की टीम

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजुरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कालसी, निशांत सिंधु, साहिल लोट्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वाधवान (विकेटकीपर)।

### स्टैंड-बाय

शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, अबिद मुश्ताक, निशुंक बिरला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा।

### एशिया कप के लिए श्रेयस अय्यर का नाम कंफर्म?



एशिया कप 2025 के लिए अभी टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन इससे पहले ही कई खिलाड़ियों के नाम को लेकर चर्चा तेज हो गई है. श्रेयस अय्यर को एशिया कप के लिए स्क्वाड में शामिल किया जा सकता है. अय्यर पहले से भारत की वनडे टीम का हिस्सा हैं. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की विनिंग टीम में भी अय्यर शामिल थे. अब इस खिलाड़ी को भारत की टेस्ट और टी20 टीम में भी शामिल किया जा सकता है. श्रेयस अय्यर को टीम इंडिया को तीनों फॉर्मेट में शामिल करने की प्लानिंग की जा रही है. टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए सूत्रों ने बताया कि टीम के सभी फॉर्मेट में मिडिल ऑर्डर को अय्यर की क्लास और एक्सपीरियंस की जरूरत है.



## अर्जुन एरिगैसी की आसान जीत

**चेन्नई, 7 अगस्त.** चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 के पहले राउंड में शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के अवांडर लियांग के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए, विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी ने शुरुआती बढ़त हासिल की और अपने प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस को लगातार कमजोर किया, जिसके बाद लियांग ने 49वीं चाल के बाद हार मान ली।


# दादा सीएबी अध्यक्ष पद के लिए भरेंगे नामांकन

## सीएबी अध्यक्ष और बीसीसीआई अध्यक्ष भी रह चुके है सौरव गांगुली

**नई दिल्ली 7 अगस्त. लगभग तीन साल पहले बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ ( सीएबी ) के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर सकते हैं.**

गांगुली (52 वर्ष) 2019 तक सीएबी अध्यक्ष रहे. उन्होंने 2014 में दिवंगत जगमोहन डालमिया के नेतृत्व में राज्य इकाई के सचिव के रूप में अपना कार्यकाल शुरू किया था. फिर 2019 में उन्हें सर्वसम्मति से बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना गया और जय शाह सचिव बने, लेकिन एक कार्यकाल पूरा होने के बाद गांगुली की जगह 1983 विश्व कप के नायक रोजर बिन्नी आ गए.

### सौरव प्रबंधन व्यवस्था में वापसी के उत्सुक



राज्य इकाई के घटनाक्रम से वाकिफ सीएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर 'पीटीआई' से कहा, ''हां, सौरव प्रबंधन व्यवस्था में वापसी के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने सीएबी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने का मन बना लिया है. अगर बीसीसीआई के संविधान के अनुसार देखा जाए तो उनके पास (राज्य संस्था में कुल नौ साल) पांच साल बचे हैं. वह सर्वसम्मति से चुने जाएंगे या चुनाव होंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है.'' सीएबी के मौजूदा अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली सौरव के बड़े भाई हैं. वह छह साल पूरे कर लेंगे जिसके बाद उन्हें लोढ़ा समिति की सिफारिश वाले संविधान के अनुसार अनिवार्य रूप से ब्रेक लेना होगा.

# 42 माह का टेलर का बैन खत्म

## वापसी पर इमोशनल हुआ दिग्गज क्रिकेटर



**नई दिल्ली 7 अगस्त.** जिम्बाब्वे के क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है. ब्रेंडन टेलर ने 39 साल की उम्र में टीम में वापसी की है, जबकि इस उम्र तक अधिकांश क्रिकेटर संन्यास ले चुके होते हैं.

टेलर का रिटर्न प्रेरणा स्वरूप भी कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने साढ़े 3 साल का प्रतिबंध झेलने के बाद वापसी की है. यह पहले ही घोषणा हो चुकी थी कि 7 अगस्त से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में ब्रेंडन टेलर जिम्बाब्वे टीम के लिए खेलेंगे.

> ब्रेंडन टेलर ने कहा, कई सारे दिन नरक की तरह गुजरे, वो बहुत कठिन समय था. 3 साल पहले मैं बिस्तर से उठ नहीं पाता था, लेकिन आज फिर से वो कर रहा हूं, जो मुझे सबसे अधिक प्रिय है. रिटर्न के बाद ब्रेंडन टेलर ने अपने परिवार और जिम्बाब्वे क्रिकेट के अधिकारियों का धन्यवाद किया.



# फाइनल में खाचानोव और ओसाका

## खाचानोव ने ज़्वेरेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई

### कनाडियन ओपन टेनिस

**टोरंटो, 7 अगस्त.** रूस के खिलाड़ी कारेन खाचानोव ने एक रोमांचक मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को हराकर कनाडियन ओपन 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। तीन घंटे तक चले इस मुकाबले में खाचानोव ने 6-3, 4-6, 7-6 (7/4) से जीत हासिल की। यह इस सीज़न में खाचानोव का पहला फाइनल है।

11वीं वरीयता प्राप्त खाचानोव का यह 11वाँ एटीपी करियर फाइनल होगा। फाइनल में उनका मुकाबला टेलर फ्रिट्ज़ या बेन शेल्टन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हालांकि, फ्रिट्ज़ और शेल्टन के मैच को इलेक्ट्रॉनिक लाइन-कॉलिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण रोक दिया गया था।


खाचानोव ने निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और 6-6 से स्कोर बराबर किया। इस मैच में जर्मनी के ज़्वेरेव ने 44 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि खाचानोव ने 29 विनर्स और 34 अनफोर्स्ड एरर के साथ जीत दर्ज की।

### ओसाका ने ताउसन को हरा फाइनल में किया प्रवेश



चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्लारा ताउसन को हराकर कनाडियन ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ओसाका, जो 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से अपने पहले टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में हैं, ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में दो सेट प्वाइंट बचाते हुए 6-2, 7-6 (9/7) से जीत दर्ज की। फाइनल में ओसाका का मुकाबला कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया मबोको से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 (7/4) से हराकर उलटफेर किया था।

## एक नजर में



### अल्काराज़ सिनर से हार के बाद वापसी को तैयार

**सिनासिनाटी.** विंबलडन फाइनल में जैनिक सिनर से मिली हार के बाद, कार्लोस अल्काराज़ सिनासिनाटी मास्टर्स में अपनी वापसी की तैयारी कर रहे हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के इस खिलाड़ी ने, जिन्होंने शीर्ष रैंक वाले सिनर के साथ एटीपी टोरंटो मास्टर्स को छोड़ दिया था, कहा कि उन्होंने विंबलडन की हार के बाद स्पेन में अपने घर पर तीन सप्ताह बिताकर खुद को तरोताजा महसूस किया है। 2023 सिनासिनाटी के फाइनलिस्ट रहे अल्काराज़ ने कहा, 卐भले ही मैं हार गया, लेकिन मैं विंबलडन के बाद कोर्ट से गर्व के साथ बाहर आया था।卐 उन्होंने कहा कि अब उनका लक्ष्य साल के अंत तक नंबर एक की रैंकिंग वापस पाना है। अल्काराज़, जिन्होंने फ्रेंच ओपन के फाइनल में सिनर को हराया था, ने कहा कि वह उनके बीच बन रही ऐसी प्रतिद्वंद्विता से खुश हैं। उन्होंने कहा, 卐हमने थोड़े समय में टेनिस में बहुत कुछ किया है। लोग हमारे बारे में बात करते हैं कि हमने इतिहास की किताबों के लिए क्या किया है। लेकिन हमारे आगे लंबा करियर है। देखते हैं हम कितनी दूर तक जा सकते हैं।

### फर्जी प्रमाण-पत्रों पर 11 पहलवान निलंबित

**नयी दिल्ली.** भारतीय कुश्ती महासंघ (ङ्क्षस्नद्ब) ने 11 पहलवानों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। महासंघ ने 110 एथलीटों के दस्तावेजों का सत्यापन करवाया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। महासंघ ने बताया कि कई पहलवान उम्र से कम उम्र के आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और दूसरे राज्यों के फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा के पहलवान अक्सर दिल्ली के माध्यम से प्रतियोगिता में प्रवेश पाने के लिए ऐसे फर्जी प्रमाणपत्रों का सहारा लेते हैं। दिल्ली नगर निगम (स्ष्टष्ठ) ने 11 प्रमाणपत्रों को फर्जी/फोटोशॉप्ड पाया, जिसके बाद ङ्क्षस्नद्ब ने सक्षम, मनुज, कविता, अंशु, आरुष राणा, शुभम, गौतम, जगरूप धनखड़, नकुल, दुष्यंत और सिद्धार्थ बालियान सहित 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया। ङ्क्षस्नद्ब के एक अधिकारी ने कहा, 卐हमारा उद्देश्य व्यवस्था को साफ करना है ताकि किसी भी ईमानदार पहलवान के साथ अन्याय न हो। इस बीच, एक दिल्ली के पहलवान के पिता ने खेल मंत्रालय में शिकायत दर्ज कराई है कि हाल ही में एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा की एक पहलवान को दिल्ली के लिए खेलने की अनुमति दी गई थी, जो नियमों का उल्लंघन है।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम की रैंकिंग में छलांग

**नयी दिल्ली.** थाईलैंड पर अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में सात पायदान ऊपर चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गई है। इस जीत ने टीम को एएफसी महिला एशियाई कप में भी जगह दिलाई, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।यह भारतीय महिला टीम की लगभग दो वर्षों में सर्वोच्च रैंकिंग है। इससे पहले टीम 21 अगस्त 2023 को 61वें स्थान पर थी। भारत ने क्वालीफायर के अंतिम मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली थाईलैंड टीम को 2-1 से हराया था। इस जीत के साथ टीम ने पहली बार क्वालीफिकेशन के माध्यम से महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बनाई। पिछले सत्र में, टीम को अपने देश में आयोजित एशियाई कप से कोविड-19 के प्रकोप के कारण हटना पड़ा था।टीम ने अपने क्वालीफिकेशन अभियान की शुरुआत मंगोलिया को 13-0 से हराकर की। इसके बाद टीम ने तिमोर-लेस्ते (4-0) और इराक (5-0) पर भी शानदार जीत दर्ज की। लगभग नॉकआउट जैसे मुकाबले में, मिडफील्डर संगीता बासफोर ने दो गोल करके भारत को थाईलैंड पर 2-1 से यादगार जीत दिलाई।

# लवलीना ने लगाया अपमान का आरोप

## भारतीय बॉक्सिंग में मचा बवाल

### आईओएस ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली 7 अगस्त.** भारतीय महिला बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक रिटायर कर्नल अरुण मलिक पर महिलाओं के प्रति भेदभाव और असम्मानजनक व्यवहार का आरोप लगाया है. लवलीना ने 2 पन्नों में लिखी शिकायत दी है.

उन्होंने इसमें लिखा है कि 8 जुलाई को हुई टॉप्स (Target Olympic Podium Scheme) की मीटिंग में मलिक ने उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया. इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है. टीओआई की रिपोर्ट्स के अनुसार लवलीना ने ये शिकायत खेल मंत्री, टॉप्स डिवीजन, आईओए, बॉक्सिंग फेडरेशन और साई के डायरेक्टर जनरल को भेजी है. महिला बॉक्सर ने इस शिकायत पत्र में लिखा है कि इस मीटिंग के बाद उन्हें बहुत ठेस पहुंची, जिससे वह दुखी और निराश हो गई. उन्हें ऐसा लगा कि क्या सच में महिला खिलाड़ियों को सम्मान के लायक समझा जाता है.



### आरोपों को किया खारिज

अरुण मालिक ने महिला बॉक्सर द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया. साथ में उन्होंने कहा कि लवलीना भारत देश का गौरव हैं. उनके अनुसार मीटिंग पूरे प्रोफेशन तरीके से हुई और इसकी रिकॉर्डिंग भी हुई, जो सभी संबंधित अधिकारियों के पास मौजूद है. नियमों का पालन करते हुए हमने लवलीना की बातों को सुना और समझा. लवलीना ने अपने शिकायत पत्र में लिखा, मैं सिर्फ एक खिला?ी होने के नाते नहीं बल्कि एक महिला होने के नाते भी ये पत्र लिख रही हूं. जो बॉक्सिंग रिंग में देश की उम्मीदें लेकर चलती रही. 8 जुलाई को टॉप्स की मीटिंग हुई, इसमें कर्नल मलिक ने मुझ पर चिल्लाकर बात की.

# भारत को ईरान, लेबनान जैसी टीमों से चुनौती

**नयी दिल्ली, 7 अगस्त ( वार्ता )** मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित एएफसी हाउस में आज हुए ड्रॉ के अनुसार, मेजबान भारत को एएफसी अंडर-17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर के ग्रुप डी में इस्लामी गणराज्य ईरान, फिलिस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान के साथ रखा गया है। अहमदाबाद का द एरीना 22 से 30 नवंबर, 2025 तक क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा।

**अंडर-17 एशियन कप : भारत ग्रुप डी में**

**अहमदाबाद करेगा ग्रुप डी की मेजबानी**

**भारत 22 नवंबर को खेलेगा पहला मैच**

### भारत का कार्यक्रम

**22 नवंबर-** फिलिस्तान बनाम भारत

**26 नवंबर-** भारत बनाम चीनी ताइपे

**28 नवंबर-** भारत बनाम लेबनान

**30 नवंबर-** ईरान बनाम भारत

# पाकिस्तान महिला टीम का 50 प्रतिशत इंक्रीमेंट

## बाबर आजम के हाथ कुछ नहीं लगा

**नई दिल्ली 7 अगस्त.** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने का ऐलान किया है, लेकिन ये सैलरी केवल महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की बढ़ाई जा रही है. वहीं मेन्स क्रिकेट टीम की सैलरी को लेकर कोई अपडेट नहीं आया है. पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की सैलरी में 50 फीसदी का इजाफा हुआ है.

महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को ये नई सैलरी 1 जुलाई 2025 से मिलनी शुरू होगी और ये कॉन्ट्रेक्ट 30 जून 2026 तक के लिए जारी रहेगा. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने महिला क्रिकेट की ए से ई तक कैटेगरी में 20 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट दिया है. महिला क्रिकेट टीम की ए कैटेगरी में कप्तान फातिमा सना, विकेटकीपर बल्लेबाज मुनीबा अली और ऑलराउंडर सिदरा अमीन पहले से शामिल थीं, लेकिन अब इस कैटेगरी में बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज सादिया इकबाल को भी शामिल किया गया है.



| | |
|---|---|
| **कैटेगरी A:** | फातिमा सना, मुनीबा अली, सिदरा अमीन और सादिया इकबाल. |
| **कैटेगरी B:** | आलिया रियाज, डायना बेग और नाशरा संधू. |
| **कैटेगरी C:** | रमीन शमीम. |
| **कैटेगरी D:** | गुल फिरोजा, सिदरा नवाज, सैयदा अरूब शाह, नाजिहा अल्वी, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, वाहीदा अख्तर, सदाफ शमास, तुबा हसन और उम्म-ए-हानी. |
| **कैटेगरी E:** | शवाल जुल्फिकार और ईमान फातिमा. |

### भारत-पाक मैच

एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान का मैच चर्चा का विषय बना हुआ है. दोनों टीमों के बीच मैच 14 सितंबर को खेला जाएगा. कई लोग पाकिस्तान के साथ मैच खेलने का विरोध कर रहे हैं. वहीं कई लोग चाहते हैं कि ये मुकाबला हो. संसद में भी इस बात का जिक्र हो चुका है कि पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलना चाहिए. लेकिन अगर टीम इंडिया ये मैच खेलने से पीछे हट जाती है तो आईसीसी रैंकिंग्स में देश को बड़ा नुकसान हो सकता है, जिस वजह से ओलंपिक में भारत की जगह पाकिस्तान क्वालीफाई कर सकता है.

**इच्छा** | **चेन्नई सुपर किंग्स में जाना लगभग तय**

# संजू सैमसन ने फोड़ा राजस्थान रॉयल्स पर बम

**नई दिल्ली 7 अगस्त.** राजस्थान रॉयल्स टीम में सबकुछ ठीक नहीं है. जी हां, आईपीएल-2026 के मिनी ऑक्शन से पहले संजू सैमसन ने औपचारिक तौर पर राजस्थान टीम का साथ छोड़ने की इच्छा प्रकट कर दी है.

क्रिकबज के मुताबिक संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स फ्रैंचाइजी के अधिकारियों को इस बात की जानकारी दे दी है कि वो राजस्थान टीम का साथ छोड़ना चाहते हैं. उन्होंने रिक्वेस्ट करके कहा कि टीम या तो संजू सैममसन को ट्रेड कर दे या फिर रिलीज कर दे. क्रिकबज में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक सैमसन के परिवार के सदस्य खुले तौर पर कह चुके हैं कि संजू अब राजस्थान रॉयल्स टीम में नहीं रहना चाहते हैं. सैमसन के कुछ करीबी आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेटर्स भी संकेत दे चुके हैं कि राजस्थान रॉयल्स टीम का वातावरण अब वैसा नहीं, जैसा पहले हुआ करता था.

### क्या सैमसन खुद छोड़ सकते हैं टीम?



नियमों के मुताबिक संजू सैमसन खुद फैसला लेकर राजस्थान टीम का साथ नहीं छोड़ सकते हैं. ऑक्शन में खरीदे जाने या रिटेन किए जाने के बाद कोई प्लेयर 3 साल तक फ्रैंचाइजी के साथ अनुबंधित हो जाता है. इसलिए सैमसन को रिलीज करने या किसी अन्य टीम के साथ ट्रेड करने का फैसला सिर्फ राजस्थान रॉयल्स फ्रैंचाइजी ही ले सकती है. सैमसन का अनुबंध 2027 सीजन के बाद समाप्त होगा. आईपीएल 2025 के समापन के बाद से ही संजू सैमसन को ट्रेड किए जाने की अटकलों ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया था. यह तक दावा किया गया कि चेन्नई सुपर किंग्स का मैनेजमेंट सैमसन को एमएस धोनी के फ्यूचर रिप्लेसमेंट के रूप में देख सकता है. क्रिकबज की ही रिपोर्ट के अनुसार एमएस धोनी और ऋतुराज गायकवा अभी चेन्नई में हैं, उन्हें पिछले एक सप्ताह में ष्टस्य्न के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास करते देखा गया है. बताया गया कि ष्टस्य्न अधिकारियों की बैठक हो चुकी है.

# लैथम दूसरे टेस्ट से बाहर

## सैंटनर करेंगे न्यूजीलैंड की अगुवाई

**बुलावायो, 7 अगस्त ( वार्ता ) न्यूज़ीलैंड के कप्तान टॉम लैथम गुरुवार से बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हुए दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।**

लैथम, जो बाएं कंधे की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे, रिहैबिलिटेशन से गुज़र रहे थे, लेकिन दो टेस्ट मैचों की सीरीज के निर्णायक मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए।

### लैथम फिटनेस टेस्ट में हुए फेल

उनकी जगह, मिशेल सैंटनर टीम की कमान संभालेंगे, जिन्होंने शेवरॉन के खिलाफ पहले मैच में ब्लैक कैप्स की कप्तानी की थी। न्यूज़ीलैंड की टीम तेज गेंदबाज विल ओ%रूर्के और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ की सेवाओं के बिना खेलेगी, दोनों पहले टेस्ट में खेले थे, लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे।न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, टॉम को फिर से खोना बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा, वह कड़ी मेहनत कर रहे थे और दूसरे टेस्ट मैच के लिए अच्छी फॉर्म में थे, लेकिन दुर्भाग्य से आज वह अपना फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए।

